दिनांक 17.12.2025

प्रेस विज्ञप्ति 31/2025

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## उ0प्र0 प्रादेशिक आर्म्स कान्सटेबुलरी (पीएसी) के 78वें संस्थापना दिवस–2025 के अवसर पर 35वी0 वाहिनी पीएसी, महानगर में आयोजित कार्यक्रम

उ0प्र0 प्रादेशिक आर्म्स कान्सटेबुलरी (पीएसी) के 78वें संस्थापना दिवस–2025 के अवसर पर दिनांक 17.12.2025 को प्रदेश के **माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 श्री योगी आदित्यनाथ जी** द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में 35वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ परिसर में आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित रहकर पीएसी/पुलिस कार्मिकों का उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में माननीय मुख्यमंत्री जी के समक्ष पीएसी के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा गार्ड आफ ऑनर की कार्यवाही की गयी। तत्पश्चात पीएसी के कुशल खिलाड़ियों एवं जवानों द्वारा मलखम्भ प्रदर्शन, जिमनास्टिक प्रदर्शन, वन मिनट वैपन्स ड्रिल, पी0टी0 डिस्प्ले एवं योग तथा बैण्ड द्वारा विविध प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा आर्शीवचन के रूप में अधिकारियों एवं जवानों को संबोधित करते हुये कहा किः–

78 वर्षों का पीएसी बल का इतिहास अनुशासन, शौर्य, त्याग और समर्पण का प्रतीक रहा है। उन्होंने जवानों से साहस, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, व्यावसायिक दक्षता और कठिन प्रशिक्षण को अपनी पहचान बनाने का आह्वान किया तथा सरकार की ओर से सम्मान, सुविधाओं और संसाधनों में निरंतर वृद्धि का आश्वासन दिया।

मा0 मुख्यमंत्री जी ने पीएसी के अदम्य साहस का उल्लेख करते हुए संसद पर 2001 के आतंकी हमले और श्रीराम जन्मभूमि परिसर पर 2005 के हमले के दौरान पीएसी की वीरता को स्मरण किया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा पीएसी की 46 कंपनियों को पुनर्जीवित कर आधुनिक हथियारों, दंगा नियंत्रण उपकरणों और नवीन तकनीक से सशक्त किया गया है।

मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पीएसी कार्मिकों की व्यावसायिक दक्षता में सुधार के लिए पूर्व में प्रशिक्षित पाठ्यक्रम को अपडेट करते हुए एबीसी आदि ग्रेड सुनिश्चित कर उन्हें बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। पीएसी में 41,893 आरक्षियों व 698 प्लाटून कमांडर की भर्ती की गयी तथा सीधी भर्ती के अंतर्गत प्लाटून कमांडर के पद पर 1648 तथा आरक्षी के पद पर 15131 अभ्यर्थियों की भर्ती प्रक्रिया वर्तमान में प्रचलित है। इसमें 135 प्लाटून कमांडर की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया जा चुका है। शीघ्र ही यह भर्ती भी संपन्न होगी।

सेवा के दौरान दिवंगत जवानों के 396 आश्रितों को आरक्षी व 58 आश्रितों को प्लाटून कमांडर के पद पर सेवायोजन प्रदान किया गया। आरक्षी पद हेतु 28 अभ्यर्थियों व प्लाटून कमांडर पर 7 अभ्यर्थियों के सेवायोजन की कार्रवाई वर्तमान में प्रचलित ळें

पीएसी में पदोन्नति के और अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से सशस्त्र पुलिस में 184 निरीक्षकों, 3772 उपनिरीक्षकों के पदों में वृद्धि की गई है। विभागीय प्रोन्नति के अंतर्गत 426 उप निरीक्षक, 4042 मुख्य आरक्षी तथा 13313 आरक्षियों को पदोन्नति दी गई। 352 मुख्य आरक्षी, 1015 आरक्षियों की पदोन्नति कार्रवाई वर्तमान में प्रचलित है।

पुलिस कल्याण के अंतर्गत आवास, कैंटीन, स्कूल, मरम्मत कार्य और खेल सुविधाओं को सुदृढ़ किया गया है। खेल बजट को 70 लाख से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये किया गया, जिससे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश पुलिस के खिलाड़ियों ने उल्लेखनीय पदक अर्जित किए।

मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पुलिस कल्याण योजना के अंतर्गत 31 पुलिस मॉडर्न स्कूल संचालित हैं। पीएसी स्थापना दिवस के अवसर पर पहली बार पुलिस मॉडर्न स्कूलों में भी बेस्ट परफॉर्मेंस (पीएमएस) का चयन किया गया है।

पीएसी के जवानों को बाजार से कम दाम पर सामान्य आवश्यकता की वस्तुएं प्राप्त हो सकें, इसके लिए 13 मास्टर कैंटीन व 103 सब्सिडियरी कैंटीन संचलित हैं। पीएसी की 31 वाहिनी में 202 जवानों की आवासीय व्यवस्था के लिए जी प्लस 11, बहुमंजिला बैरकों के निर्माण का कार्य तेजी से बढ़ाया गया है। इसमें से 18 वाहिनियों में कार्य पूर्ण हो चुका है और 13 में निर्माण कार्य प्रगति पर है।

मुख्यमंत्री जी ने पीएसी बैंड की सराहना करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान युवाओं में जोश और प्रेरणा का संचार करने वाले गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सार्वजनिक स्थलों पर पीएसी बैंड द्वारा प्रस्तुत इसकी धुन ने आमजन में राष्ट्रभक्ति की भावना को नई ऊर्जा प्रदान किया है। राष्ट्रभक्ति के प्रसार हेतु पीएसी बैंड की यह अभिनव पहल अत्यंत प्रशंसनीय है।

अन्त में, मुख्यमंत्री जी द्वारा समस्त पीएसी–पुलिस बल को संस्थापना दिवस के सफल आयोजन पर शुभकामनाएं दी गई।

कार्यक्रम के दौरान **श्री राजीव कृष्णा**, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा अपने संबोधन में कहा किः–

''उत्तर प्रदेश पीएसी केवल एक बल नहीं, बल्कि अनुशासन, साहस और राष्ट्रसेवा की सजीव परंपरा है। दशकों से यह बल प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा, कानून–व्यवस्था, आपदा प्रबंधन, वीवीआईपी सुरक्षा, संवेदनशील धार्मिक आयोजनों और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की रक्षा में अग्रिम पंक्ति में खड़ा रहा है।

आज का नया उत्तर प्रदेश कानून के शासन, त्वरित न्याय और सुरक्षित वातावरण का प्रदेश बन रहा है, और इसमें पीएसी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 श्री योगी आदित्यनाथ जी की दूरदर्शिता एवं मार्गदर्शन में राज्य आपदा मोचन बल (SDRF) की 06 पूर्णतः सुसज्जित कंपनियां क्रियाशील हुई हैं, जो आपदा के समय जीवन रक्षा की सबसे मजबूत कड़ी बनकर उभरी हैं।''

पीएसी संस्थापना दिवस–2025 के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित की गई, जिसमें 32वीं वाहिनी, 39वीं वाहिनी एवं 47वीं वाहिनी को क्रमशः उत्तम, अतिउत्तम एवं सर्वोत्तम वाहिनी के रूप में माननीय मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त निम्न वाहिनी/उपलब्धियों को पुरस्कृत किया गयाः–

| SN | प्रतियोगिता का नाम | पुरस्कार प्राप्तकर्ता/सम्बंधित वाहिनी |
|---|---|---|
| 1 | अतिउत्तम प्लाटून ड्रिल | डा0 अनिल कुमार पाण्डेय, सेनानायक 36वीं वाहिनी पीएसी, वाराणसी |
| 2 | सर्वोत्तम प्लाटून ड्रिल | श्री बजरंग बली चौरसिया, सेनानायक, 37वीं वाहिनी पीएसी, कानपुर |
| 3 | अतिउत्तम डिमांस्ट्रेशन | डा0 अनिल कुमार पाण्डेय, सेनानायक 36वीं वाहिनी पीएसी, वाराणसी |
| 4 | सर्वोत्तम डिमांस्ट्रेशन | डा0 दिनेश यादव, सेनानायक, 41वीं वाहिनी पीएसी, गाजियाबाद |
| 5 | श्रेष्ठ कार्य | दलनायक सुधीर कुमार सिंह, 34वीं वाहिनी पीएसी, वाराणसी |
| 6 | सर्वश्रेष्ठ कार्य | मु0आ0 जितेन्द्र सिंह राणा, आरक्षी आकिल अंसारी, आरक्षी कृष्ण कुमार, 23वीं वाहिनी पीएसी, मुरादाबाद |
| 7 | सर्वोत्तम बाढ़ राहत दल | डा0 अनिल कुमार पाण्डेय, सेनानायक 36वीं वाहिनी पीएसी, वाराणसी |
| 8 | सर्वोत्तम खिलाड़ी | मु0आ0 किशन कुमार मिश्र, 25वीं वाहिनी पीएसी, रायबरेली |
| 9 | बेस्ट परफार्मेंस पीएमएस (मिडिल सेकेण्डरी) | पुलिस माडर्न स्कूल, बहराइच |
| 10 | बेस्ट परफार्मेंस पीएमएस (सीनियर सेकेण्डरी) | ग्रीन मिडोज पी0एम0एस0 डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद |
| 11 | मेघावी छात्र | कुमारी साक्षी सेमल पुत्री मु0आ0 सुरेन्द्र सिंह यादव, 34वीं वाहिनी पीएसी, वाराणसी |
| | | कुमारी शुभ्रा सक्सेना पुत्री ओ0पी0 सुशीला सक्सेना, 47वीं वाहिनी पीएसी, गाजियाबाद |
| | | श्री आदर्श तिवारी पुत्र मु0आ0 अनूप कुमार तिवारी, 10वीं वाहिनी पीएसी, बाराबंकी |

कार्यक्रम के अंत में अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि मा0 मुख्यमंत्री जी, समाज कल्याण राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार), पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, प्रमुख सचिव, गृह, उ0प्र0 शासन सहित प्रशासन, पुलिस के समस्त महानुभावों एवं मीडिया बंधुओं का धन्यवाद ज्ञापन किया गया तथा उपस्थित अधिकारियों के साथ माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा ग्रुप फोटो सेशन में प्रतिभाग किया गया।


पी.ए.सी.


पी.ए.सी.
संस्थापना दिवस
2025





I.P.S.




पी.ए.सी. स्थापना दिवस
2025




PAC RAISING DAY-2025


अलीगढ़ के ताले


अति उत्तम वाहिनी
2025


बल वैजयन्ती


ए.सी.
025























| दिनांक 17.12.2025 |
| --- |
| प्रेस विज्ञप्ति 32/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद सिद्धार्थनगर/ थाना कपिलवस्तु**

- **N.C.R.P./समन्वय पोर्टल पर पर भिन्न–भिन्न राज्य से की गयी शिकायतों से संबन्धित कुल ₹1,07,03,720/– (एक करोड़ सात लाख तीन हजार सात सौ बीस रुपये) साइबर फ्राड करने वाले 05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **फ्राड के पैसों से खरीदा गया 07 अदद मोबाइल फोन, 01 अदद मोटरसाइकिल, 01 अदद मारूति स्वीफ्ट कार,**
- **98,200/– नकद बरामद**

दिनॉकः 17.12.2025 को थाना कपिलवस्तु पुलिस टीम द्वारा N.C.R.P./समन्वय पोर्टल पर पर भिन्न–भिन्न राज्य से की गयी शिकायतों से संबन्धित कुल ₹1,07,03,720/– (एक करोड़ सात लाख तीन हजार सात सौ बीस रुपये) साइबर फ्राड करने वाले 05 अभियुक्तों 1–शहजाद 2–आशीष कुमार उर्फ अन्नू 3–परवेज 4–अब्दुल अहद 5–मो0 वसीम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से फ्राड के पैसों से खरीदा गया 07 अदद मोबाइल फोन, 01 अदद मोटरसाइकिल, 01 अदद मारूति स्वीफ्ट कार, 98,200/– नकद बरामद किया गया।

उल्लेखनीय है कि जून 2024 में एनसीआरपी/समन्वय पोर्टल पर अभियुक्तगण के विरुद्ध भिन्न–भिन्न राज्यों से कुल 35 साइबर फ्रॉड के संबन्ध में शिकायत दर्ज हुई थी जिसकी जांच प्रभारी निरीक्षक कपिलवस्तु द्वारा किया गया तो ज्ञात हुआ कि साइबर अपराध/म्यूल खाता संख्या 00000040548214309 में कुल ₹1,07,03,720/– (एक करोड़ सात लाख तीन हजार सात सौ बीस रुपये) आनलाइन फाइनेंशियल फ्राड का पैसा मगांया जा रहा था एवं इसका उपयोग अपने निजी खर्चों में किया जा रहा था।

इस सम्बन्ध में थाना कपिलवस्तु पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–शहजाद निवासी कस्बा अलीगढ़वा थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।

2–आशीष कुमार उर्फ अन्नू निवासी ग्राम बरकुल थाना चाकर चौड़ा जनपद कपिलवस्तु, नेपाल वर्तमान पता–अलीगढ़वा थाना कपिलवस्तु।

3–परवेज निवासी भैस कुंडा थाना पकड़ी जनपद कपिलवस्तु नेपाल वर्तमानपता–अलीगढ़वा थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।

4–अब्दुल अहद निवासी बेलौहा बाजार थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर वर्तमान पता–ग्राम सरदार नगर थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।

5–मो0 वसीम निवासी अलीगढ़वा थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।

**<u>बरामदगी</u>**

1–फ्राड के पैसों से खरीदा गया 07 अदद मोबाइल फोन, 01 अदद मोटरसाइकिल, 01 अदद मारूति स्वीफ्ट कार, 98,200/– नकद।

## <u>जनपद मऊ/थाना मधुवन</u>

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 17.12.2025 को थाना मधुवन पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सिपाह से पाती रोड जाने वाली नहर के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त धर्मेन्द्र को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना मधुवन पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना मधुवन पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–धर्मेन्द निवासी रामपुर खजुरी थाना घोसी जनपद मऊ।

**<u>बरामदगी</u>**

1–01 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस।

## जनपद मऊ/थाना दक्षिण टोला

- **15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनॉकः 17.12.2025 को थाना दक्षिण टोला पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कलेक्ट्रेट रोड पर स्थित तालाब के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त मो0 हनीफ को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना दक्षिण टोला पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना दक्षिण टोला पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मो0 हनीफ निवासी पकरिया नौगवां थाना सुनगरी जनपद पीलीभीत।

- **जनपद बहराइच/थाना सुजौली (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 02 लाख 40 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद बहराइच पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बहराइच द्वारा थाना सुजौली पर पंजीकृत अभियोग में धारा 137(2)/115(2) बीएनएस, 6 पॉक्सो एक्ट व 3(2)(5) एवं 3(2)(5ए) एससी/एसटी एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त अविनाश उर्फ सिंपल को आजीवन कारावास व 02 लाख 40 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **जनपद बरेली/थाना विशारतगंज (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 55 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद बरेली पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बरेली द्वारा थाना विशारतगंज पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302 भादवि व 4/25 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त अरूण उर्फ मीत को आजीवन कारावास व 55 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद बरेली/थाना प्रेमनगर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व 35 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बरेली पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बरेली द्वारा थाना प्रेमनगर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 363/366 भादवि व 4(2) व 6 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त उदय को 20 वर्ष के सश्रम कारावास व 35 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद शाहजहाँपुर/थाना कोतवाली (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 34 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद शाहजहाँपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद शाहजहाँपुर द्वारा थाना कोतवाली पर पंजीकृत अभियोग में धारा 366/376(2)/452/506 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त शहबाज खान को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 34 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

——————